तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

12 जिस स्थान पर भागवत कथा होती है, वह कहलाता है तीर्थ स्थल



12 विविध कार्यक्रम कर मतदाताओं को किया जागरूक ...





## खबर संक्षेप

### पांच दिवसी मानसगान प्रतियोगिता कल से

**पलारी।** ग्राम चरौदा में शिव मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चरौदा द्वारा 3 से 8 अप्रैल तक मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम स्थान से पांचवा स्थान तक पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम 4500, द्वितीय 3500, तृतीय 2001, चतुर्थ 1501, पांचवा 1001 दिया जायेगा। शिवा मानस मंडली के कोषाध्यक्ष नन्दलाल जायसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रत्येक मानस मंडली को 401 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### दरवाजा तोड़ घर में रखे नकदी एवं जेवर की चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली थाना के ग्राम बोड़ेसरा के घर से 90000 की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी सेतलाल साव पिता परसराम साव (53) ग्राम बोड़ेसरा निवासी के घर रात्रि में किसी अज्ञात शख्स ने घर का दरवाजा खोलकर अलमारी में रखे उक्त 1 पुराना सोने का हार कीमत 40 हजार रुपए एवं चांदी का कमरपट्टी कीमत 9 हजार रुपए एवं नगदी 50 हजार रुपए की चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर 457, 380 अपराध दर्ज किया है।

### पिकअप वाहन की ठोकर से युवक एवं बच्चे मृत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कौसरा के नाला के पास सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। पुलिस ने बताया है कि रविवार की शाम को 5 बजे बिना नंबर की बोलेरो पिकअप के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक से चलाते हुए मो सा क्र. सीजी 06 जीयू 7791को पीछे ठोकर मार दिया, जिसमें सवार जितेंद्र कश्यप पिता हेमंत कश्यप (25) बरपेलाडीह एवं मानस चौधरी पिता कमलेश चौधरी (1) बरपेलाडीह की मौत हो गई।

### महुआ शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने अवैध शराब के बिक्री करने वाले तीन लोगों पकड़ा है। पिथौरा पुलिस ने नयापारा कला से रामलाल यादव पिता मेहतरू राम यादव (40) को 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए के साथ, बागबाहरा पुलिस ने ईंटभट्ठा के पास ग्राम जुनवानी खुर्द से राधेश्याम खेखार पिता जलधन (40) को 7 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने दोनों आरोपियो को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत रिमांड में जेल भेजा गया है एवं पटेवा पुलिस ने तालाब के पास ग्राम कुलहरिया से संजय टंडन ग्राम पचरी निवासी को 4 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को बरामद कर 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

# डाक मतपत्र से मतदान करने 12 अप्रैल से भरे जाएंगे फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

लोकसभा निर्वाचन - 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्यों के लिए 10 सेवाओं को "अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। ऐसे में सारंगढ़ बिलाइगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना की तिथि 12 से 17 अप्रैल तक करना होगा। नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### निर्वाचन आयोग ने मतदान में लगे कर्मचारियों के लिए लागू की अनिवार्य सेवा कर्मी व्यवस्था




#### सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं शामिल

सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12घ जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही–सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है, जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।

### दहशत : ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की दी जा रही हिदायत

# बाघ की दस्तक से ग्रामीणों में बढ़ी दहशत, वन अमला सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

इन दिनों जिले के जंगल में राहगीरों द्वारा बाघ देखे जाने पर लोगों में दहशत बनी हुई है। वहीं वन अमला भी ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की सलाह दे रहे हैं। विदित हो कि मार्च में राहगीरों ने बाघ को जंगल में सड़क क्रास करते

देखा था और उसका वीडियो बनाकर वनमंडलाधिकारी को सूचित किया था। जानकारी मिलने पर वन अमला भी सक्रिय है। जंगल में लगातार गश्त की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो सके।

विदित हो कि पिछले दिनों शिक्षक कांशीराम पटेल एवं सचिव ओमप्रकाश पटेल ग्राम पंचायत बंदोरा कार से जा रहे थे, तब छपोराडीह से सिरपुर माग्र पर शाम लगभग 5.45 बजे ग्राम बांसकुण्डा से सिरपुर मार्ग में एक बाघ को रोड़ पार करते हुए देखा। शिक्षक पटेल द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाया गया है। शिक्षक द्वारा उक्त जानकारी वनमण्डलाधिकारी महासमुन्द को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही जिला बलौदाबाजार–भाटापारा के वन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उक्त क्षेत्र का रात्रि में गश्त किया गया। दूसरे दिन रायकोरा एवं सुकुलबाय के ग्रामीणों द्वारा पूनः बाघ देखने की सूचना दी गई। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वनमण्डलाधिकारी महासमुन्द की अध्यक्षता एवं वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार तथा वन विकास निगम के बारनवापारा परियोजना मण्डल की टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जिससे अमलोर, सुकुलबाय में मवेशियों की मृत्यु होना पाया गया। मवेशियों को मारने के तरीके हिंसक वन्यप्राणी तेन्दुआ जैसे थे। 12 मार्च को जिले के अंतर्गत ट्रेनिंग के दौरान बाघ के पंजे का निशान पगडंडी में प्राप्त हुऐ। 14 मार्च को बलौदाबाजार वनमण्डल के परिक्षेत्र बल्दाकछार के कर्मचारी द्वारा बाघ को प्रत्यक्ष रूप से देखा गया एवं पुष्टि की गई। तत्पश्चात विभाग द्वारा एनटीसीए द्वारा जारी एसओपी प्रोटोकॉल का पालन कर नियामनुसार कार्रवाई की जा रही है।

### 7 परिक्षेत्रों की अलग–अलग टीम रात्रिगश्त में जुटी



#### अस्थायी बेरियर बनाया गया

सुरक्षा की दृष्टि से वन विकास निगम क्षेत्र के अंतर्गत वन क्षेत्र में प्रवेश रोकने के लिए अस्थाई बेरियर का निर्माण किया गया है। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बाघ की सुरक्षा हेतु 3 ट्रेनिंग वनमण्डल बलौदाबाजार, वनमण्डल महासमुन्द, वन विकास निगम की गठित कर नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी रायपुर के एम सूरज तथा वसुंधरा सोसाइटी फार कंजर्वेशन ऑफ नेचर के गौरव निहलानी के सहयोग से लगातार ट्रेनिंग की जा रही है। साथ ही जन–जागरूकता हेतु बलौदाबाजार वनमण्डल द्वारा 7 परिक्षेत्रों की अलग–अलग टीम बना कर दिवसवार रात्रिगश्त करते हुए उपरोक्त ग्रामों में ग्राम प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों को सूचना देकर ग्रामीण को अनावश्यक वन क्षेत्र में ना जाने की लगातार समझाईश दी जा रही है।

## कांग्रेस की सरकार बनने पर न्याय की गारंटी पूरी की जाएगी : डॉ. डहरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- कसडोल और लवन में मतदाताओं से रुबरु हुए कांग्रेस प्रत्याशी

देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर न्याय की गारंटी पूरी की जाएगी। नारी न्याय योजना में महालक्ष्मी गरीब परिवार में एक महिला को सालाना एक लाख रूपये प्रदान किए जाएंगे। केंद्र सरकार में नई भर्तियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण रखा जाएगा। शक्ति का सम्मान आशा आंगनबाड़ी और मिड डे मिल बनाने वाली महिलाओं के वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दुगना होगा। अधिकार मैत्री महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के लिए हर पंचायत में एक अधिकार मंत्री का गठन किया जाएगा। सावित्रीबाई फूले हॉस्टल के लिए कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी की जाएगी। उक्त बातें जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने व्यक्त की।

डॉ. डहरिया ने लवन में एक चर्चा के दौरान बताया गया कि किसान न्याय, युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय, श्रमिक न्याय ऐसी अनेक योजना कांग्रेस की सरकार बनने पर न्याय की गारंटी दे रहे हैं। सघन दौरा कार्यक्रम में लवन के बाद कसडोल पहुंचे जहां क्षेत्र के विधायक संदीप साहू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यादव सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी के साथ कटगी साबर हसवा, गिधौरी में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. डहरिया का फूल माला एवं बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। उन्होंने शीतला माता मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिए। इसके अलावा हसुआ में भागवत कथा में शामिल हुए। सभी कार्यक्रमों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरु दयाल यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी अजय बारवे शामिल रहे। वहीं ग्राम साबर में चल रहे अखंड नवधा रामायण में पहुंचकर डहरिया एवं विधायक संदीप साहू सहित आईपी वर्मा, योगेश बंजारे, राजेश कनोजे, राम शंकर साहू, अनुराग मिश्रा, संतोष वर्मा, बैसाखू वर्मा, कमलेश साहू, द्वारका निर्मलकर, रोहित साहू उपस्थित रहे। गिधौरी में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया।

## रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल होंगे अंचल के शिवसैनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ब्लॉक में बैठक आगामी रामनवमीं कार्यक्रम के संबंध में रखी गई। इसमें जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद विशेष रूप से शामिल हुए। 20 फरवरी को राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में 40वां वर्ष रामनवमीं की भव्य झांकी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र से सैकड़ों शिव सैनिक शामिल होंगे। साथ ही नगर में 23 अप्रैल को शोभायात्रा निकाले जाने पर सहमति बनी। मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष के साथ जिला उपाध्यक्ष डॉ. एवन टंडन, जिला मीडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी, कसडोल विधानसभा अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर

## टीईटी और बीएससी नर्सिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024–25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए और छत्तीसगढ़ राज्य का टीईटी परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद 8 से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाइन 7 अप्रैल तक भर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का टीईटी परीक्षा 23 जून को निर्धारित है।

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे. सिंह के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून को आयोजित होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

## मतदान केंद्रों में हों रैंप, बिजली शौचालय और पेयजल व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- रिटर्निंग ऑफिसर ने शहर व ब्लॉक के मतदान केंद्रों की जांच के दौरान दिए निर्देश

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के बाद से निर्वाचन प्रक्रिया में तेजी आ गई है। क्षेत्र में चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद अब सभी बूथों की निगरानी एवं व्यवस्था पर प्रशासन की पैनी नजर लगी हुई है। विधानसभा भाटापारा के अधिकांश बूथों में जो कमियां दिखाई दे रही है, उसे प्रशासन द्वारा तत्काल दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों द्वारा दौरा किया जा रहा है।

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 8 रायपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नितिन तिवारी द्वारा 30 और 31 मार्च को मतदान केंद्र क्रमांक 116 शासकीय प्राथमिक शाला कुमरखान, 225 शासकीय प्राथमिक शाला धनेली एवं भाटापारा शहर के मतदान केंद्र क्रमांक 150, 157, 158,159, 170, 171,175,176, 177, 178, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192, 193, 194 का औचक निरीक्षण करते हुए केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं यथा रैंप, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों में पाई गई कमियों को पूरा करने विभाग प्रमुखों को सख्त निर्देश देते हुए तीन दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश किया गया।

### कथाकार ने कहा - देवी-देवता के नाम पर बली परंपरा बंद होना चाहिए

# जिस मनुष्य में जीवों के प्रति दया नहीं उसका पूजा पाठ करना सब व्यर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल







कोई भी देवी देवता किसी की बलि नहीं मांगते। मनुष्य अपने खाने के लिए देवी-देवता को निमित्त बनाकर जीवों की बलि चढ़ाते हैं और स्वयं खाते हैं। उक्त बातें युवा आस्था मंच कसडोल द्वारा जनपद पंचायत मैदान में आयोजित श्रीराम कथा के छठवें दिन आचार्य सागर मिश्रा ने कही।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग अपनी पसंद का मिठाई खरीदते हैं। उसी प्रकार लोग अपनी पसंद का और अपने मुंह के स्वाद के लिए बलि चढ़ाते हैं। मनुष्य को सभी जीवों के प्रति दया की भावना रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस मनुष्य में जीवों के प्रति दया नहीं है वह कितनी भी पूजा पाठ करे वह सब व्यर्थ है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि घर में गौ माता का पालन करने से घर में आने वाली समस्या को गौ माता स्वतः हरण कर लेती है। पर विडंबना है कि लोग अपने घरों में गौमाता को रखने के बजाय कुत्ता का पालन करते हैं, जिस घर में कुत्ता घूम रहा है, वहां पितर देवता असंतुष्ट रहता है।

उल्लेखनीय है कि कथा आयोजन स्थल से करीब 22 किमी दूर लव कुश की जन्म स्थली बाल्मिकी आश्रम है तथा ऊपर पहाड़ा वाली माता काली विराज मान है, जहां सोमवार को कथा वाचक आचार्य सागर मिश्रा दर्शन करने गए थे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### राम मंदिर का निर्माण है सनातनियों का सम्मान

उन्होंने अपने संबोधन में कहा की अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण एवं प्रतिमा स्थापित होने पर मेरा सीना छप्पन ईंच का हो गया। मंदिर निर्माण सनातनियों का मान सम्मान एवं स्वाभिमान का प्रतीक हैं। साथ ही सभी श्रोताओं को प्रभु श्रीराम की कथा श्रवण कर जीवन धन्य बनाने का अनुरोध करते हुए भारत माता एवं प्रभु श्रीराम की जय जयकार किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री के साथ पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल सहित सैकड़ों लोगो उपस्थित थे।

हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# बगैर टिकट यात्रियों से टीटीई ऑनलाइन वसूलेंगे जुर्माना, स्टेशन पर डिजिटल भुगतान की सुविधा जल्द

## नए वित्तीय वर्ष से देशभर में रेलवे कर रहा बदलाव, यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नया वित्त वर्ष आज से शुरू होने जा रहा है। रेलवे यात्रियों के लिए ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देने क्यूआर कोड स्कैनिंग की सुविधा ला रही है। अब रेलयात्री क्यूआर कोड स्कैन करके भी पेमेंट कर सकेंगे।

ट्रेन में बिना टिकट सफर वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए जुर्माने की रकम भी अब ऑनलाइन ही जमा की जा सकती है। रेलवे स्टाफ के पास हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन की सुविधा रहेगी। जुर्माना लगने की स्थिति में इस डिवाइस से क्यूआर कोड स्कैन कर यात्री ऑनलाइन जुर्माना भर सकेंगे। कई बार यात्रियों के पास नकद पैसे नहीं होते। ऐसे में ऑनलाइन सिस्टम लागू होने से यात्री और टीटीई दोनों को सहूलियत होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में जल्द ही ये सिस्टम लागू किया जाएगा।

उत्तर और पश्चिम रेलवे में आज से यह सुविधा लागू हो जाएगी। रेलवे नए वित्त वर्ष में डिजिटल भुगतान को विशेष रूप से बढ़ावा दे रहा है। रायपुर और बिलासपुर में इसकी शुरुआत हो चुकी है।



### बिलासपुर के बाद अब रायपुर में सुविधा

बिलासपुर रेलमंडल के टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू हो चुकी है। अब रायपुर में भी इसे लागू किया जाएगा। कमर्शियल विभाग तैयारी कर रहा है। विभाग ने सभी आरक्षण केंद्र प्रभारियों को इस संदर्भ में तैयारी और इसमें आने वाली समस्याओं की समीक्षा करने कहा है। रेलवे के जनरल टिकट काउंटर पर हर दिन लंबी कतार लगना आम बात है। कई बार यात्री के पास फुटकर पैसे नहीं होते और टिकट काउंटर पर तैनात कर्मचारी द्वारा ज्यादा पैसे लेने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। ट्रेन छूटने के डर से यात्री इसका विरोध भी नहीं करतो। यही हालत आरक्षण केंद्र में होती है। रायपुर रेलमंडल में ही 20 से ज्यादा आरक्षण केंद्र हैं तो वहीं जनरल के काउंटर की संख्या भी इससे ज्यादा है। यहां पर 24 घंटे में करोड़ों रुपए कैश आते हैं, जिसे एकत्र करने, गिनने और फिर उसे बैंक तक पहुंचाने में ही कई कर्मचारी लगते हैं।

### चिल्हर की समस्या होगी दूर

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री को काउंटर पर जाकर जिस जगह के लिए जनरल टिकट चाहिए, वह बताना होगा। एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेन की जानकारी भी देनी होगी। इसके बाद काउंटर पर बैठा कर्मचारी सिस्टम में दिए प्रारूप को भरकर टिकट बनाएगा। पेमेंट के विकल्प में जाकर क्यू का बटन दबाना होगा। जब यह प्रक्रिया हो जाएगी, उसके बाद यात्री को क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान करना होगा। भुगतान के बाद जैसे ही यात्री मोबाइल पर भुगतान दिखाएगा, रेलकर्मी प्रिंट का बटन दबा देंगे। भुगतान की जानकारी ऑटोमेटिक सिस्टम में आ जाएगी। यदि भुगतान नहीं हुआ, तब टिकट का प्रिंट नहीं निकलेगा।

## खबर संक्षेप



### होजमालो कार्यक्रम 6 को मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर**। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 6 अप्रैल को होजमालो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को राजधानी के एक निजी होटल में होगा। इसमें अहमदाबाद गुजरात से लय अंतानी साथ में मुंबई से बॉलीवुड बैंड के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया और महतारी वंदन योजना का पोस्टर विमोचित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि सिंधी काउंसिल महिला विंग का आयोजन 6 अप्रैल को है और इसमें मोदी की गारंटी वाली सरकार ने आते ही महतारी वंदन योजना की पहली किस्त दे दी। इस अवसर पर महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी ने कहा, 6 अप्रैल को होजमालो रॉकिंग तंबोला का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसमें लकी ड्रॉ, बेस्ट ड्रेस के साथ आकर्षक उपहार रखे गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महिला विंग राशि बलवानी, जूही दरयानी, लक्ष्मण बजाज, हेमा जेठानी एवं अन्य उपस्थित थे।

### खरोरा पहुंचे विकास उपाध्याय, ली बैठक



**रायपुर**। रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय रविवार को खरोरा ब्लॉक के ग्राम केचला पहुंचे। जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जोन कमेटी, सेक्टर कमेटी, बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा महालक्ष्मी गारंटी योजना के तहत प्रत्येक परिवार की महिलाओं को 8,333 रुपए प्रतिमाह यानी सालाना एक लाख रुपए दिए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही खरोरा के समस्त 98 मतदान केंद्रों, 13 सेक्टर और 4 जोन से आए हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ में बैठक ली। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जोन अध्यक्ष मुकेश आदि मौजूद रहे।

### गर्मी के सीजन में कैसे पूरी होगी भूजल स्रोत के नमूनों की जांच

# राजधानी में निगम के 2100 बोरवेल, 800 पॉवर पंप और रोजाना जांच हो रही सिर्फ 25 सैंपल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के शहर में 2100 बोरवेल और 800 पॉवर पंप के पानी के नमूने जांचने फिल्टर प्लांट के 2 लैब कम पड़ रहे हैं। एक दिन में 20 से 25 सैंपल की जांच की व्यवस्था होने और जांच रिपोर्ट आने में 72 घंटे लगने की समय अवधि ने निगम प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। यही हाल रहा तो गर्मी के सीजन में शहर के सारे बोरवेल और पॉवर पंपों के पानी सैंपल की जांच होनी मुश्किल है। इससे आम जनता की सेहत दांव पर लगी है। पेशोपश में फंसा निगम प्रशासन आनन-फानन में भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में निर्मित नए प्लांट के लैब को सोमवार से शुरू करने की तैयारी में है, जहां एक दिन में 5 से 10 पानी सैंपल की अतिरिक्त जांच की जा सकेगी।

राजधानी के अंदरूनी इलाके सहित आउटर के वार्डों में गहराते भूजल स्रोत ने जहां आम आदमी की चिंता बढ़ाई है। वहीं नगर निगम के सार्वजनिक बोरवेल और पॉवर पंप से पानी पीना सुरक्षित नहीं रहा। पिछले एक सप्ताह से जल विभाग रोजाना औसतन 20 से 25 पानी सैंपल अलग-अलग इलाकों से कलेक्ट कर इसकी जांच फिल्टर प्लांट स्थित अपने 2 लैब में करा रहा है। जांच रिपोर्ट में 25 फीसदी सैंपल फेल हो गए। बोरपंप से लिए गए पानी के सैंपल की प्रयोगशाला में जांच के बाद इसमें हाईलेवल बैक्टीरिया पाया गया। जिसका दोबारा ट्रीटमेंट कराया जा रहा है। इसमें पहले दिन सोडियम हाइपो क्लोराइड का घोल डालकर पानी को उपचार किया जा रहा है। जरूरत पड़ने लगातार 3 दिनों तक यह प्रक्रिया जाती है। ताकि पेयजल किसी तरह से दूषित न हो।

### पानी के नमूने जांचने फिल्टर प्लांट के 2 लैब पड़ रहे कम, रिपोर्ट आने में 72 घंटे लग रहे

#### प्लांट के पानी की हर 3 दिन में हो रही जांच

शहर की नई,पुरानी 45 पानी टंकियों में पहुंचने वाला 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति से पहले हर 3 दिन में जांच फिल्टर प्लांट के अधिकारी कर रहे हैं। पानी के जांच के बाद ही शहर भर में इसकी आपूर्ति की जाती है, पर निगम के सार्वजनिक हैंडपंप और पॉवर पंपों के पानी का उपयोग करने के लिए सजग रहने की जरूरत है, क्योंकि शहर के सभी बोरवेल और पॉवर पंप के पानी सैंपल जांचने निगम के पास समुचित साधन उपलब्ध नहीं हैं।





■ अब नए प्लांट के लैब में सैंपल जांच की तैयारी, एनएचई के राज्य स्तरीय लैब की मदद लेने विचार

#### सोमवार से नए प्लांट के लैब में भी होगी सैंपल जांच

नगर निगम का जल विभाग सोमवार से भाठागांव के फिल्टर प्लांट परिसर में निर्मित नए प्लांट के लैब से पानी सैंपल की जांच शुरू करने जा रहा है। प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने बताया, नए लैब में रोजाना 5 से 10 पानी सैंपल की अतिरिक्त जांच हो सकेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं मार्गदर्शन अनुसार शहरभर के अलग-अलग इलाकों के बोरपंप, पॉवर पंपों से लिये गये पानी के नमूनों की जांच 2 लैब में वर्तमान में की जा रही है। यह तीसरा लेब सोमवार से शुरू होगा।

#### पीएचई राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की मदद लेगा निगम

नगर निगम का जल विभाग अपने 3 लैब के अलावा जरूरत पड़ने पीएचई विभाग की राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की मदद पानी सैंपल की जांच कराने में लेगा। इससे पानी के सेंपल की जांच में जहां तेजी आएगी, वहीं गर्मी के सीजन में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में आसानी होगी। पीएचई विभाग की भाठागांव स्थित प्रयोगशाला में निर्धारित शुल्क लेकर पानी सैंपल के जांच की व्यवस्था है। हालांकि अभी तक नगर निगम को इसकी जरूरत नहीं पड़ी और स्वयं के लैब में शहरभर से लिए पानी सैंपल की जांच करते आ रहा है।

# पीड़िता का हालचाल जानने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, बेहतर इलाज के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी जिंदगी बचाने संघर्ष कर रही बलात्कार पीड़िता का इलाज मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से कराया जाएगा। घटना के दौरान युवती 11 हजार वोल्ट के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई थी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पीड़िता से मुलाकात की और परिजनों को ढांढस बंधाया। बैकुंठपुर जिले के गनपतपुर ठिहाई पारा के जंगल में युवती करीब पांच माह पहले बलात्कार की शिकार हुई थी। इस दौरान वह हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई थी। उसका इलाज राजधानी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने रविवार को अस्पताल पहुंचकर पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने शासकीय योजना से युवती के उपचार की पहल की और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किस्तों में लगभग 22 लाख रुपए स्वीकृत कराए। इस दौरान चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि पीड़ति की हालत में बहुत सुधार आ चुका है। उसका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम हो गया है और वह अब बातचीत भी करने लगी है। निजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार अभी युवती को लगभग एक माह और भर्ती रहना पड़ेगा। इस दौरान उसके कुछ और ऑपरेशन होंगे।

### सरकारी अस्पताल में नहीं हो पाई भर्ती

सही उपचार नहीं होने के अभाव में संक्रमण पूरे शरीर में फैल चुका था। स्थानीय अधिकारी की पहल पर उसके गृहग्राम से राजधानी लाया गया था। यहां काफी कोशिशों के बाद किसी भी सरकारी अस्पताल में उसे भर्ती नहीं किया जा सका। गंभीर हालत को देखते हुए पचपेड़ी नाका के आगे एक निजी अस्पाताल की बर्न यूनिट में भर्ती करा दिया गया था। जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने उसके इलाज के लिए संवेदनशीलता दिखाई।

# तीसरी बार बनाएंगे मोदी को प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्व. अटल बिहारी बाजपेयी सभागृह मेडिकल कॉलेज में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासम्मेलन में शिक्षा मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज मैं धरती के भगवानों से जीत का आशीर्वाद लेने आया हूं। मैं जानता हूं कि एक डॉक्टर फोन करके पांच हजार को भाजपा को वोट डालने के लिए तैयार कर सकता है। 23 साल से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से जीतने का इतिहास बनाया है। अब लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीतने का इतिहास भी आप लोगों के सहयोग से बनाने जा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, यह संभव होगा भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास से। रायपुर लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अब मात्र 33 दिन ही बचे हैं और इन दिनों में हमें देश के साथ ही छत्तीसगढ़ को विकसित, विकासशील बनाने, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर काम करना होगा। श्री अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न स्थानों से आए डॉक्टरों से कहा, आप अपने अस्पताल में बैठे-बैठे अपने मरीजों और दोस्तों, परिचितों को बताएं कि हम भाजपा को क्यों वोट दें? मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया पर यह काम कर सकते हैं। हर दिन 100 लोगों को फोन कर आसानी से एक डॉक्टर 5000 लोगों की मानसिकता को बदल सकता है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचार और कार्ययोजना से लोग प्रभावित होकर जुड़ते जा रहे हैं।



■ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासम्मेलन में वक्ताओं ने दोहराया

### विश्व कल्याण का चुनाव

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, 2024 का चुनाव विश्व कल्याण का चुनाव है। पूर्व विधायक व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक विमल चोपड़ा ने कहा, लोकसभा चुनाव परीक्षा है। इस परीक्षा में परिणाम के साथ विशेष अंक अर्थात 400 जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सकों की मांगों से संबंधित मांगपत्र भी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सौंपा।

### जवाहर खन्ना ने संभाला अध्यक्ष का कार्यभार



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने रविवार को पंजाब केसरी भवन जोरा में विधिवत अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। ज्ञातव्य हो कि विगत 10 मार्च को संस्था के द्वि-वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष श्री खन्ना चुने गए थे। निवृत्तमान अध्यक्ष सुनील डोगर ने परंपरानुसार अध्यक्ष की कुर्सी पर उन्हें बिठाया। श्री खन्ना ने राजीव विग को महासचिव और नीरज सेठी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। उपस्थित समाजजनों ने श्री खन्ना को पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में निवृत्तमान अध्यक्ष सुनील डोगर, युवा मंडल अध्यक्ष विकास विग, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता किंगर, रेणु गुप्ता, मीनू चंगा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- विनाश का रास्ता छोड़कर विकास के रास्ते पर आएं नक्सली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का कहना है, नक्सली जिस रास्ते पर चल रहे हैं, वह विनाश का रास्ता है। नक्सली विनाश का रास्ता छोड़कर विकास के रास्ते पर आएं। इस रास्ते पर प्रदेश सरकार भी उनका सहयोग करेगी। नक्सलियों को विकास के लिए अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। यह भूमिका हिंसा का रास्ता छोडकर ही संभव है। डिप्टी सीएम राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक गुड्डू मेकाम को देखने अस्पताल पहुंचे थे।

श्री शर्मा ने कहा, हमने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पॉलिसी बना रखी है, कई आत्मसमर्पण भी हुए हैं। आज वे लोग सुखी जीवन जी रहे हैं। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया बहुत तेजी से आगे बढ़ी है। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया विश्वसनीय हो, सरल हो, नई जीवन की शुरुआत को प्रेरित करने वाला हो, ऐसा हम और प्रयास कर रहे हैं।

■ आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक को देखने पहुंचे अस्पताल



### बेहतर इलाज के दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा घायल युवक गुड्डू मेकाम से मिलने राजधानी के निजी अस्पताल पहुंचे और युवक की स्थिति को देखकर भावुक हो गए। उन्होंने घायल के परिजनों से कहा, गुड्डू मेरा भाई है, आप सभी मेरा परिवार हैं, मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। गृहमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे युवक का बेहतर-से-बेहतर इलाज कराएंगे। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से श्री शर्मा ने मरीज के इलाज की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें सजगता से इलाज करने के निर्देश दिए।

### बस्तर के विकास के लिए सरकार संकल्पित

गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा, उनकी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए भी कृत संकल्पित है। विष्णुदेव सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। नियद नेल्लानार का मतलब होता है आपका अच्छा गांव। इस योजना के तहत बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा कैंप अब विकास के कैंप के रूप में कार्य कर रहे हैं। कैम्प के 5 किलोमीटर के दायरे में जो गांव हैं, उन्हें विकास से जोड़ा जा रहा है। सुरक्षा कैंपों के माध्यम से गांव वालों तक सुविधाएं पहुंचाने और उन तक सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों के लिए राशन दुकान, आवास निशुल्क बस सेवा, चिकित्सा कैंप लगाकर उनका इलाज करने का काम शुरू हो चुका है।

# मोदी सरकार की विफलताओं को जनता तक ले जाएं : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रवक्ताओं की बैठक में कहा, इस चुनाव में हमें दो महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है। पहला, मोदी सरकार की 10 वर्ष की विफलता, वादाखिलाफी, दूसरा कांग्रेस ने जनता के हर वर्ग के लिए जो पांच गारंटी दी हैं, उनको हर मंच से हमें जनता के बीच पहुंचाना है।

महंगाई, बेरोजगारी, किसानों से महिलाओं से धोखा इस चुनाव में हमारे बड़े मुद्दे हैं। भाजपा चुनाव में मुद्दों से भटकाएगी, लेकिन हमें जनता के मुद्दों को छोड़ना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दो महत्वपूर्ण बैठकें लीं। पहली बैठक प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं की हुई तथा दूसरी बैठक जिलों के प्रभारी, पदाधिकारियों के साथ हुई। श्री बैज ने कहा, नारी न्याय में हर महिला को सालाना 1 लाख रुपए देने की गारंटी, किसानों को एमएसपी देने कांग्रेस कानून बनाएगी।

■ भाजपा मुद्दों से भटकाएगी, लेकिन हमें जनता के मुद्दे छोड़ना नहीं है

### अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट तक, खपत छह हजार मेगावाट से ज्यादा

# छग को सोलर से भी मिल रहा 800 मेगावाट का करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपना प्रदेश जिस बिजली से रोशन होता है, उसमें सोलर बिजली का भी एक बड़ा हिस्सा रहता है। प्रदेश में इस समय बिजली की खपत आसमान पर है। मार्च में ही खपत ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। छत्तीसगढ़ में बिजली की खपत के मुकाबले में उत्पादन बहुत कम होता है। ऐसे में बिजली की पूर्ति के लिए सेंट्रल सेक्टर का ही सहारा रहता है। यहां से तीन से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली लेनी पड़ती है।

पॉवर कंपनी जो बिजली रोज लेती है, उसमें करीब 800 मेगावाट बिजली का हिस्सा सोलर से बनने वाली बिजली का भी रहता है। इसमें से करीब दो सौ मेगावाट के आसपास बिजली अपने राज्य की और बाकी दूसरे राज्यों की है। पॉवर कंपनी का वैसे अनुबंध करीब 12 सौ मेगावाट का है, लेकिन पूरी बिजली नहीं मिल पाती है। सोलर वाली बिजली दूसरी बिजली से सस्ती पड़ती है। वैसे बाहर से ली जाने वाली बिजली की औसत दर साढ़े चार रुपए के आसपास ही रहती है। प्रदेश के साथ ही देश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की खपत को देखते हुए ही केंद्र सरकार लगातार अब सोलर बिजली की तरफ भी रुख कर रही है। सोलर बिजली के उत्पादन को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। सामान्य बिजली के मुकाबले सोलर बिजली की लागत बहुत कम होती है। यही वजह है कि इस बिजली को अब बड़े विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।



### दूसरे राज्यों से रोज 600 मेगावाट

पॉवर कंपनी का सोलर बिजली को लेकर देश के दूसरे राज्यों से करीब हजार मेगावाट का अनुबंध है। इसमें से रोज करीब 600 मेगावाट तक बिजली मिल जाती है। सोलर से मिलने वाली बिजली भी सेंट्रल सेक्टर से ही आती है। पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों में अपना उत्पादन रोज 25 सौ मेगावाट से ज्यादा नहीं होता है। जहां तक खपत की बात है तो खपत इस समय छह हजार मेगावाट से ज्यादा है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ही साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली ली जाती है। इसी बिजली में सोलर वाली बिजली भी शामिल होती है।

### राजनांदगांव में सौ मेगावाट का संयंत्र

छत्तीसगढ़ में पहली बार राजनांदगांव में इस साल फरवरी में सौ मेगावाट का सोलर संयंत्र बनाया गया है। इसके पहले राज्य में इतना बड़ा संयंत्र नहीं था। पॉवर कंपनी को राज्य में इस संयंत्र को मिलाकर इस समय करीब 272 मेगावाट का सोलर बिजली का अनुबंध है। इसमें से करीब दो सौ मेगावाट के आस-पास बिजली रोज मिलती है। राजनांदगांव से ही रोज 70 मेगावाट के आस-पास बिजली मिल जाती है।

**खबर संक्षेप**

## आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामसागरपारा में कक्षा आठवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया। शिक्षकों ने अपने विचार में विद्यार्थियों को जीवन के नए मार्ग एवं उच्च शिखर में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। शाला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया एवं सभी को कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्कूल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य राजकुमार ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश यादव, सुरेश निषाद, भुवनेश्वरी, कमलेश्वरी ठाकुर, शिक्षकगण ऋषि पटेल, रविकांत गोस्वामी, मुरलीधर निषाद, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, मध्यान्ह भोजन संचालन के सदस्य, रसोईया आदि मौजूद रहे।

**अभियान: स्वीप कार्यक्रम को लेकर अनेक कार्ययोजना बनाई**

# मतदाता जागरूकता को लेकर हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधि चलाई जा रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर एवं जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान हुए हैं, वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार किया गया है। जिसके तहत मतदाताओं के पास खेत-खलिहान, कार्यस्थल में पहुंचकर यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत स्कूल, कॉलेजों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों, नवविवाहितों, दिव्यांगजनों, 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को ध्यान में रखकर विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वीप के नोडल अधिकारी स्वीप मैनेजमेंट रेखराज शर्मा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास, समाज कल्याण विभाग, जनपद सीईओ और अन्य विभागों के समन्वय से पूरे एक माह का कैलेंडर तैयार किया गया है। जिसमें कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया गया।

जिन केंद्रों में कम मतदान हुआ है उन केंद्रों का चिन्हांकन कर यहां मतदान बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं, वृद्धजनों, श्रमिकों और नवमतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके तहत दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान समारोह, महाविद्यालयों एवं स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, वाद-विवाद एवं भाषण तथा रैली निकालकर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।



## नए मतदाता स्वयं वोट कर दूसरों को भी करें प्रेरित: सीएमओ

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महासमुंद एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार 31 मार्च को स्वच्छता दीदीयों ने वार्ड 7 शिव चौक में निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं अनिवार्य मतदान के थीम के तहत आकर्षक एवं प्रेरणायुक्त रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाता को प्रोत्साहित करते हुऐ कहा कि हमें आगामी चुनाव में निश्चित रूप से वोट देना है एवं अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करना है। स्वीप रंगोली कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, मोहनदास मानिकपुरी, हेमलता शर्मा, आदि का योगदान रहा।

# अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक संपत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम गौरिया में आयोजित अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में रविवार को बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि गांवों में अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ का आयोजन गौरव की बात है। हरि कीर्तन से गांव में सुख समृद्धि, खुशहाली व विकास के साथ भाईचारा बना रहता है। इस अवसर पर महाराज चतुर्भुज देवता, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, गौंटिया नित्यानंद प्रधान, कोलता समाज सभापति रसिक प्रधान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, सुरेंद्र प्रधान, मदन प्रधान, मोतीलाल भोई, अक्षय प्रधान, टिकेश्वर प्रधान, नीलमणि प्रधान, रुद्र भोई सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

## कक्ष क्रमांक 20 में स्थैतिक निगरानी नियंत्रण कक्ष स्थापित

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में गठित स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के निरीक्षण ऑनलाईन वेबकास्टिंग के माध्यम से निरीक्षण किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा कार्यालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 20 में स्थापित स्थैतिक निगरानी (एसएसटी) नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है। प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से शाम 04 बजे तक साधना जगत सहायक वर्ग-03 एवं मधु भारती सहायक वर्ग-03 तैनात रहेंगे। इसी तरह द्वितीय पाली में शाम 04 बजे से रात्रि 10 बजे तक पुष्पेंद्र डनसना पटवारी एवं कविश देवांगन सहायक ग्रेड-03 तथा तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 8 बजे तक उपेंद्र सिंह ठाकुर पटवारी एवं सुषेण साव स्टेनो टायपिस्ट की ड्यूटी लगाई है।

# स्पीड रीडिंग स्पर्धा में चंदन व लालू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



बागबाहरा विखं के संकुल केन्द्र बोइरगांव के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला बोइरगांव में आयोजित स्पीड रींडिग प्रतियोगिता हुई। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शाप्राशा बोइरगांव, शाप्राशा अमेरा, सरईपाली, लोंदामुड़ा, पतेरापाली एवं जुनवानी आदि स्कूलों के कुल नौ छात्रों ने इस स्पर्धा में भाग लिए। रीडिंग स्पर्धा में प्राथमिक स्तर पर छात्र चंदन साहू अमेरा प्रथम एवं द्वितीय भूपेंद्र बंजारे पतेरापाली रहे। वहीं तृतीय गीतांजलि यादव बोइरगांव रही। इसी तरह पूर्व माध्यमिक स्तर में छात्रा लालू प्रसाद प्रथम, खिलेश्वरी सिन्हा द्वितीय, रोशनी तृतीय स्थान पर रही है। रींडिंग स्पर्धा में संकुल समन्वयक एनएस ठाकुर, नोहरसिंह ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद पांडे, राजू पटेल, बेनुराम चौरे, अमित सिंह ठाकुर, विनोद चंद्राकर, शिवकुमार जांगड़े, दुर्गावती ठाकुर, शिव बरिहा, उमाशंकर वर्मा आदि उपस्थित थे। इस दौरान स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता में बने प्रतिभागी बच्चों को नोटबुक पेन एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## शिकायत नियंत्रण कक्ष स्थापित, कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में संचालित मदिरा दुकानों का ऑनलाइन वेबकास्टिंग के माध्यम से निरीक्षण किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा कार्यालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 20 में स्थापित आबकारी शिकायत नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी दो पालियों में लगाई गई है। प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से शाम 04 बजे तक हेम कुमार पटवारी एवं महेश कुमार पटवारी तथा द्वितीय पाली में शाम 04 बजे से रात्रि 11 बजे तक हेमकुमार पटेल सहायक ग्रेड-02 एवं योगेंद्र कुमार पांडे सहायक ग्रेड-03 की ड्यूटी लगाई है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में गोड़बहाल प्राथमिक शाला की संगीता का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय प्राथमिक शाला गोड़बहाल में कक्षा पांचवी में अध्यनरत मेधावी छात्रा संगीता सिन्हा पिता टीकम सिन्हा का चयन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए हुआ है। उनकी माता तुलसी सिन्हा गृहिणी हैं। संगीता सिन्हा शासकीय प्राथमिक शाला गोड़बहाल से जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होने वाली प्रथम विद्यार्थी हैं। अतएव छात्रा की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर छात्रा के समस्त परिवार,विद्यालय परिवार तथा ग्राम समाज गदगद हैं। छात्रा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन, निरंतर प्रयास तथा माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। शासकीय प्राथमिक शाला गोड़बहाल में पूरे वर्ष भर नवोदय विद्यालय चयन हेतु नियमित कक्षा का संचालन संस्था के प्रधान पाठक दिनेश कुमार नायक द्वारा किया गया जिसका परिणाम है कि पहली बार इस संस्था से किसी विद्यार्थी का चयन नवोदय विद्यालय जैसी



प्रतिष्ठित संस्थान के लिए हुआ है। छात्र एवं उनके परिवार ने इसके लिए संस्था के प्रधान पाठक और कार्यरत शिक्षिकाओं का विशेष आभार व्यक्त किया है। छात्रा के चयनित होने पर कलार समाज महिला मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा, कौड़ियि पिथौरा के मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा, सचिव पोलाराम डड़सेना, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिन्हा, प्रमुख सलाहकार लोकप्रकाश डड़सेना, क्षेत्राधिकारी हृदेश सिन्हा, चंद्रपाल सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा, योगेंद्र सिन्हा चंचल सिन्हा, ग्राम के सरपंच सादराम पटेल, हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ मुकेश डड़सेना, संकुल समन्वयक द्वय बालाराम दीवान, महासिंग दीवान प्रधान पाठक, दिनेश कुमार नायक, शिक्षिका दीपिका पटेल, किरण साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक मनोज पटेल आदि ने हर्ष जताया है।

# ब्रम्हाकुमारी विवि के भाई-बहनों ने मनाया होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन नयापारा में रंगों का पर्व होली बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा ईश्वरीय परिवार आज के दिन सेवा केंद्र में एकत्रित होकर इस पर्व का आध्यात्मिक रहस्य जानकर अपने जीवन को दिव्य बनाने की प्रेरणा ली। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन ने सभी भाई बहनों को आत्म स्मृति का तिलक लगाते हुए होली की टोली (प्रसाद) खिलाकर होली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताया। वास्तव में यह पर्व होलिका दहन से प्रारंभ होता है, यह पर्व हमें सिखाता है कि परमशक्ति परमपिता परमात्मा की याद की अग्नि होलिका दहन में अपने विकारों काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को जलाने के बाद आत्मा पूरी तरह शुद्ध हो जाती है और होली के रंग जैसा हमारे शांति आनंद प्रेम सुख पवित्रता शक्ति ज्ञान हमारे ओरिजिनल प्राकृतिक आत्मिक गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं।



**स्मृति दिवस**



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका रहीं राजयोगिनी दादी जानकी की चतुर्थ पुण्यस्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में मनाया गया। दादी को श्रद्धांजलि अर्पित करने रायपुर शांति सरोवर से ब्रम्हा कुमारी किरण बहन, आरंग सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी लता विशेष रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दादी के नाम ब्रम्हा भोज की व्यवस्था रखी गई। समस्त ईश्वरीय परिवार ने मिलकर दादी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने गांवों में जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक व मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीप जिला महासमुंद एस आलोक के निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल व डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो व जिला समन्वयक स्वीप महासमुंद के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में कैंपस एंबेसडर प्रियांशु तिवारी, सोनिया साहू सहित सभी रासेयो स्वयंसेवक अपने-अपने ग्रामों, वार्डों, मोहल्ला में मतदाता जागरुकता संबंधी नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन, जागरुकता रैली, रंगोली बनाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। जिसमें ग्राम मचेवा, बरोंडा बाजार, साराडीह, बम्हनी, कनेकेरा, भलेसर, भोरिंग, कांपा, मुस्की में स्वयंसेवकों द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के स्वयं सेवक लिलेश्वरी दीवान, संध्या सिंहा, दुर्गा साहू,श्रद्धा ठाकुर, भावना साहू, संजना साहू, डॉली चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, रुचि यादव, लिलेश्वरी सेन, अनिता सिंहा, तरुणा यादव, भुनेश्वरी साहू, को मिलाकर 50 -50 स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।



# शांत्रीबाई महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी गायत्री के निर्देशन में महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम की कड़ी से जुड़कर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टाफ के साथ महाविद्यालय के समस्त स्वयं सेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने महासमुंद नगर के लोगों को जागरुक करने के लिए रैली निकाली। तत्पश्चात मतदाता जागरुकता के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर लोकतंत्र विषय पर भाषण, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भावेंद्र पांडे, द्वितीय स्थान पर चारुलता चंद्राकर, तृतीय स्थान पर तृप्ति साहू रही। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में ललिता व करुणा विजेता रहे।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हमें अपनी भूमिका को समझना होगा और सही उम्मीदवार को अपना बहूमूल्य मत देना होगा। लोकसभा का यह चुनाव भारत देश के नव निर्माण विकास, आंतरिक रक्षा, जैसे कई मुद्दों के बारे में सोच-समझ कर हमें अपने प्रतिनिधि को चुनना चाहिए। अगर हम अच्छे उम्मीदवार को चुनेंगे तो वे हमारी शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ राज्य व देश निर्माण में हमारा प्रतिनिधित्व करेगा। इस राष्ट्रीय सेवा योजनका कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हमें अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान बिना किसी लालच व दबाव से हट कर होना चाहिए। मतदान का प्रतिशत बढ़ने पर ही हम सही उम्मीदवार का चयन कर सकते है। इस अवसर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू के माध्यम से दिया गया।



## युवाओं के लिए सैन्य प्रशिक्षण

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद सदस्यों द्वारा युवाओं को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महासमुंद जिला के फारेस्ट ग्राउंड में महासमुंद एवं आसपास गांव के युवा प्रशिक्षण में शामिल हो रहे हैं। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि सुबह 6 बजे से 07:30 तक आयोजित इस सैन्य प्रशिक्षण में युवा वर्ग भाग ले सकते हैं।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता हुई



**महासमुंद।** बागबहारा ब्लॉक में शासकीय प्रोद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बागबाहरा में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगों को बताया जा रहा है। मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई के शिक्षकगण

**पेज 9 के शेष**

## जिस मनुष्य में...

उन्होंने देखा कि यहां भारी संख्या में रोजाना पशु बलि चढ़ाई जाती है, जो अत्यंत दुख की बात है। उन्होंने कथा में कहा कि जिस घर में वृद्ध है और आंगन में छोटा बालक खेल रहा है वह साक्षात बैकुंठ है, लेकिन विडंबना है कि लोग अपने वृद्ध माता-पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ देते हैं। इसका पुरजोर विरोध होना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास के अवसर पर कहा कि जो राम को चाहते हैं वहीं होता है। वनवास में माता कैकेई का दोष न मंथरा का दोष है, बल्कि वनवास जाना स्वयं भगवान श्रीराम की रचना थी। कसडोल में चल रहे श्रीराम कथा की जानकारी मिलने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कथा स्थल पहुंच कर कथा वाचक सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा श्रवण किया।

## रामनवमीं की शोभायात्रा...

सुरज घृतलहरे, बलौदाबाजार विधानसभा उपाध्यक्ष दिलीप चतुरे, संजीव भारद्वाज, शंकर साहू, विकास श्रीवास, लक्ष्मण नवरंगे, ओमप्रकाश घृतलहरे, चंद्रप्रकाश सोनवानी, रामनाथ बंजारे आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

## डाक मतपत्र से...

स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा, ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील की जाएगी। फॉर्म 12 घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान संबंधी सूचना प्रदान की जाएगी, जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है, उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12 घ नहीं भरना होगा।

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में आदित्य का चयन



**खरोरा।** इस बार भी एबीसी पब्लिक स्कूल, सारागांव के छात्र ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्र आदित्य वर्मा को कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा 2024-25 में प्रथम प्रावीण्य सूची में स्थान मिला है। शिक्षक उमेश साहू सहित सभी विषय शिक्षकों के सहयोग से आदित्य को यह सफलता मिली है। विद्यालय परिवार ने आदित्य के उज्वल भविष्य की कामना की।

### मेघराज का नवोदय विद्यालय में चयन



**मुड़पार-सरसीवा।** स्थानीय निवासी मेघराज वैष्णव का चयन नवोदय विद्यालय बलौदाबाजार जिले के लवन के लिए हुआ है। वह व्यास वैष्णव व रागिनी वैष्णव के पुत्र हैं। मेघराज शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर सरसीवा में हुई। उनके चयन पर गोपाल पांडे, सुभाष जालान, शिवरात्रि केसरवानी, राजा अग्रवाल, दयाराम खुराना, संतोष पांडे, कपूरचंद अग्रवाल, गुड्डा केसरवानी, श्रवण अग्रवाल, शाला समिति, स्थानीयजन एवं पत्रकारों में स्माइल खान, मनीष अग्रवाल, राकेश सोनी, राहुल पांडे एवं जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### डागेश का नवोदय में चयन



**पलारी।** विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला गितकेरा में अध्ययनरत दिनेश वर्मा के पुत्र डागेश वर्मा का नवोदय में चयन हुआ। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 के परिणाम जारी किया गया है। डागेश ने इसका श्रेय अपने दादा-दादी भिलेश्वर वर्मा व पबित वर्मा को दिया है जो पेशे से शिक्षक है। बधाई देने वालों में संकुल समन्वयक प्रमोद साहू, प्रधान पाठक सीमा वर्मा, शिक्षक बलकरण वर्मा, विजय कुमार साहू, पालकों में दिनेश कुमार वर्मा, मन्त राम वर्मा, लिलेश्वरी वर्मा, खिलेश्वरी ध्रुव, शशिबाई, लीला यादव आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ खोला मोर्चा

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम भदरसी में महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलते 30 मार्च को देर शाम तक सर्व आदिवासी समाज व सर्व समाज के नेतृत्व में छापेमार कार्रवाई की। इसमें भारी मात्रा में महुआ और कच्ची शराब बरामद की। महिलाओं ने बताया कि अवैध शराब बिक्री में शामिल लोगों को ग्राम सभा की बैठक में बुलाकर आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंपा जाएगा। बता दें कि गांव में पिछले कई महीनों से कच्ची महुआ शराब की अवैध बिक्री हो रही थी। इसे बंद करने ग्रामीण लगातार चेतावनी दे रहे थे। पुलिस भी कार्रवाई कर रही थी, लेकिन अंकुश नहीं लग रहा था। गांव में शराब उपलब्ध होने से अशांति बनी रहती है और बाहरी लोग भी आते जाते रहते हैं।

# सामाजिक एकता और शिक्षा से ही आगे बढ़ सकता है समाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन 30 और 31 मार्च को सिंगारपुर मावली के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम रजक, अति विशिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष निर्मला रजक एवं अन्य अतिथियों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। वार्षिक अधिवेशन में आय व्यय का लेखा-जोखा एवं कक्षा 12वीं के भारती लुकेश्वरी काजल और कक्षा दसवीं के हर्षिता साकेत डागेश्वर को वर्ष 2023 में प्रथम श्रेणी में प्राप्त करने पर नगद राशि स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मान किया गया। मंच संचालन समाजसेवी गन्नू लाल रजक ने की। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव भागीराम निर्मलकर, प्रदेश उपकोषाध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बालकुमार रजक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीला रजक, तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक, सचिव नारायण निर्मलकर, संरक्षक शंकरलाल रजक, ईश्वर रजक, प्रेमलाल निर्मलकर, प्यारेलाल रजक, मनोज निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, जीवनलाल निर्मलकर, अश्वनी रजक, जनकराम रजक, पंचराम रजक, जनीराम निर्मलकर, चोवाराम निर्मलकर, मुनीष निर्मलकर, संजय रजक, महेंद्र रजक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का सिंगारपुर में हुआ दो दिवसीय सम्मेलन

### आदर्श विवाह अपनाने के लिए प्रेरित किया

सिंगारपुर मावली में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा समाज के इष्टदेव संत गाडगे एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जानकी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथियों व अन्य राज से आए पदाधिकारियों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीराम रजक ने कहा कि संगठन में ही ताकत है। समाज में एकता हो तो समाज को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने समाज के लोगों को आदर्श विवाह अपनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हम सभी को लोगों के दिखावे को दूर कर संगठित होकर समाज को मजबूत कर नई दिशा देने की आवश्यकता है, तभी समाज में बदलाव आएगा।

### एक रोटी कम खाओ पर अपने बच्चों को बिल्कुल पढ़ाओ

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पन्नालाल रजक ने कहा कि स्वच्छता के जनक संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलना है। एक रोटी कम खाओ पर अपने बच्चों को बिल्कुल पढ़ाओ। शिक्षा और संस्कार के बिना मानव जीवन पशु के समान है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्मला रजक ने नारी शक्ति की उत्थान की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज हो या राजनीति हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। महिलाओं को पुरुषों की तरह कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए, तभी समाज व महिलाओं का उत्थान होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक ने कहा कि मजबूत संगठन से ही समस्याओं का समाधान तथा सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक उत्थान संभव है। कार्यक्रम को सिंगारपुर के सरपंच दीनदयाल साहू, हरिप्रसाद निर्मलकर, मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक ने भी संबोधित किया।

## प्रवचन : चिचिरदा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

# जिस स्थान पर भागवत कथा होती है, वह कहलाता है तीर्थ स्थल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा**



ग्राम चिचिरदा में यादव परिवार द्वारा कथा स्थल श्याम निकुंज में आयोजित अपने पूर्वज स्व. नाथूराम यादव, स्व. देवमति यादव, स्व. नेतराम यादव की पुण्य स्मृति में 31 मार्च को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। यह कथा 6 अप्रैल तक चलेगी।

पहले दिन पंडित कान्हा ने श्रीमद् भागवत के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिन तक किसी व्यवस्थता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ-साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। पंडित कान्हा ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। यह भागवत कथा चिचिरदा में रामकुमार सुलोचना यादव के यहां आयोजित है। इस भागवत कथा को सफल बनाने में यादव परिवार सहित ग्रामवासियो का सहयोग मिल रहा है।

# कलेक्टर ने जिला कोषालय और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिला कोषालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर साहू ने सभी प्रकार के अदालती एवं गैर अदालती मुद्रांकों का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। साथ ही साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के दस्तावेजों के रख रखाव के संबंध में गाइडलाइन भी दिये। निरीक्षण के समय चन्द्रपाल सिंह ठाकुर जिला कोषालय अधिकारी, वासु जैन आईएएस एआरओ एवं अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़, अनिकेत साहू उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुश्री वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थीं।

# भवानीपुर क्षेत्र में राम नाम की धूम मची

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर**

भवानीपुर सहित खपरी, साहडा, कुची, रिवाड़ीह, लटेरा के विभिन्न स्थानों में अखंड पांच दिवसीय एवं तीन दिवसीय रामायण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आसपास के एवं दूर दराज से आए रामायण मंडली प्रभु श्रीरामचंद्र के जीवन गाथा का गुणगान करेगी। रामायण सप्ताह के इस भव्य आयोजन में सभी ग्रामीण अपने-अपने घर के आंगन को हर रोज रंगोली से सजाकर दिवाली जैसा त्योहार मानते हैं, कीर्तन मंडलियों के द्वारा गांव के हर गली मोहल्ले में सुबह-शाम गली भ्रमण कर वातावरण को और ज्यादा भक्तिमय कर देते हैं। आसपास एवं दूर दराज से आए प्रत्येक मानसगान करने आयी मंडली को आयोजक समिति द्वारा श्रद्धा सुमन राशि भवानीपुर 551 रुपए, खपरी 251 रुपए, साहडा 351 रुपए, कूची 301 रुपए, रिवाडीह 351 रुपए, लटेरा 401 रुपए एवं श्रीफल दिया जाएगा। यह जानकारी समस्त ग्रामों के अध्यक्षों संरक्षक सचिव द्वारा दी गई।

# न्योता भोज में बच्चों को दिया गया केला, जलेबी, नमकीन और मिक्चर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्री में न्योता भोज का आयोजन ग्राम पंचायत सिर्री के पंच चंपेश्वरी तोरण सेन एवं दुलेश्वरी तिलक सेन तथा विधायक प्रतिनिधि तोरण सेन द्वारा कराया गया।

बच्चों को उनके द्वारा केला, जलेबी, नमकीन मिक्चर परोसा गया। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं जिनमें प्रभारी प्रधान पाठक वन्दना शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रतनलाल वर्मा, प्राथमिक प्रधान पाठक गिरधर साहू, सावित्री वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, कलावती ध्रुव, पूर्णिमा निषाद, गायत्री देवांगन एवं सभी रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सभी शामिल थे। न्योता भोज के आयोजनकर्ताओं को शाला परिवार की ओर से बधाई दी गई।

# कठिया-किरीतपुर में लगा लघु युवा शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा**

ग्राम कठिया किरीतपुर में तीन दिवसीय लघु युवा शिविर का आयोजन किया गया। विदित हो कि कठिया किरीतपुर मानव तीर्थ मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्व के प्रणेता ए. नागराज पर आधारित परिवार व्यवस्था में जीने के लिए अध्ययन और अभ्यास की स्थली हैं। मानव तीर्थ में हर वर्ष में दो बार युवा शिविर का आयोजन किया जाता है। साथ ही लघु युवा शिविर भी आयोजित किया जाता हैं। यह लघु युवा शिविर मुख्यतः छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रखा जाता हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए दर्शन का एक परिचयात्मक शिविर रखने का है, जिसमें उन्हें मानव तीर्थ के बारे में झलक मिले। परिवार व्यवस्था में जीने के लिए अध्ययन व अभ्यास की स्पष्टता तथा युवाओं को आगे के कैंप के लिए तैयार करना है।

इसी क्रम में 29 से 31 मार्च तक तीन दिवसीय लघु युवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से रहे, जिसमें रायपुर, धमतरी, कवर्धा, रायगढ़ और बेमेतरा से मुख्य रूप से रहे। साथ ही मध्यप्रदेश से भी प्रतिभागी शामिल हुए। 31 मार्च को मूल्यांकन सत्र के साथ इस शिविर का समापन किया गया।

## विविध कार्यक्रम कर मतदाताओं को किया जागरूक ...



**मुड़पार-सरसीवा।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल द्वारा ग्राम पंचायत सालर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इसमें कलस्टर समूह की महिलाओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली और अपने हाथों में मेहदी से स्वीप लिखवाकर लोगों को वोट डालने के लिए उत्साहित किया। साथ ही साथ सभी महिलाओं ने सामूहिक मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने रैली निकालकर महिलाओं ने ठाना है, सबको वोट कराना है के नारे के साथ जन जन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।




# आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**खरोरा।** इस वर्ष भी आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुडेरा में कनिष्ठ छात्रों द्वारा कक्षा आठवीं के छात्रों को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानपाठक तुलसीराम वर्मा द्वारा गुलाल लगाकर की गई। कक्षा-8 वी के समस्त छात्रों को उपहार स्वरूप पेन दिया गया। उपहार एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। विदाई कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक खोड़स राम वर्मा सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशीला वर्मा द्वारा किया गया।




